नव भारत

# तीन औद्योगिक सुरक्षा बल गठित होंगे

1 रविन्द्र भवन में अभिनंदन समारोह में सीएम ने की घोषणा

2 बैगा, भारिया और सहरिया युवाओं की विशेष कंपनी भी बनेगी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 अगस्त. प्रदेश के खंडवा में नई पुलिस बटालियन स्थापित की जायेगी. प्रदेश में तीन राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठित किया जाएगा. पहले चरण में एक बल गठित किया जाएगा. विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह यानी पीवीटीजी में आने वाली बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातीय युवाओं की विशेष कम्पनियां भी गठित की जायेंगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ये घोषणा की. सीएम का रविन्द्र भवन में पुलिस विभाग द्वारा अभिनंदन किया गया. पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में नवीन भर्तियों की शुरुआत करने तथा वर्षों से लंबित पदोन्नतियों का लाभ दिलाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि पुलिस बल और पुलिसवालों का मनोबल दोनों बढ़ाएंगे.

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर चोट और तनाव झेलते हैं,



लेकिन उनके परिश्रम को सम्मान और पुरस्कार मिलने का भरोसा भी जरूरी है. मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस विभाग के 58 संवर्गों में रिकॉर्ड 27 हजार 534 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नत हुए हैं. इनमें मैदानी स्तर के 12 हजार 928 आरक्षक प्रधान आरक्षक तथा 5 हजार 171 प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक बने हैं.

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पदोन्नति का रास्ता खुलने का सबसे बड़ा लाभ पुलिस विभाग को मिला है. युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक विभिन्न संवर्गों में 14 हजार 704 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है और 9 हजार 751 अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है. पुलिस बैंड और एफएसएल की भर्ती भी अंतिम चरण में है.

### अपराधियों में कानून के प्रति खौफ पैदा करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाकी वर्दी और कंधों पर सजे सितारे मध्यप्रदेश के साढ़े 8 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक हैं. उन्होंने पुलिसकर्मियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए जनता में पुलिस के प्रति प्रेम और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करने का आहवान किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अपनी ड्यूटी निभाए, सरकार आपके परिवार के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी. डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस के जवान और अधिकारी अनुशासन के साथ अपने दायित्वों को पूरा कर जीवन को धन्य करते हैं. पुलिस परंपरा में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल जैसे अनेकों नाम हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी देश की सेवा कर रहे हैं. डोभाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए सराहनीय कार्य किए हैं.

## गुजरात के निवेशकों को मप्र आमंत्रित करेंगे सीएम

- सीएम अहमदाबाद में कल करेंगे मेगा निवेश रोड शो
- जीआईएस-2027 के लिए भी देंगे आमंत्रण

**भोपाल, 10 अगस्त. मप्र के औद्योगिक विकास को गति देने और देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के साथ निवेश साझेदारी को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 अगस्त को अहमदाबाद में गुजरात के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से संवाद करेंगे.**

अहमदाबाद में मेगा निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री गुजरात के उद्योग जगत को मप्र में उपलब्ध निवेश अवसरों, अनुकूल औद्योगिक नीतियों और निवेशक सुविधाओं से अवगत कराऐंगे तथा प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए भी गुजरात के उद्योग जगत को आमंत्रित भी करेंगे.


ताज स्काईलाइन होटल अहमदाबाद में आयोजित मुख्य निवेशक संवाद सत्र में मप्र की औद्योगिक क्षमता और निवेश संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा. कार्यक्रम में सीआईआई गुजरात स्टेट काउंसिल के चेयरमैन एवं सिम्फनी लिमिटेड के चेयरमैन अचल बाकेरी स्वागत उद्बोधन देंगे. इसके बाद मप्र में निवेश अवसरों पर विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति होगी. अपर मुख्य सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन नीरज मंडलोई मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य, मजबूत अधोसंरचना, निवेशक-अनुकूल नीतियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति देंगे. प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेल्वेन्द्रन प्रदेश के टेक इकोसिस्टम, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, स्टार्टअप्स एवं उच्च प्रौद्योगिकी आधारित निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डालेंगे.

# रक्षा मंत्री से मिलीं सांसद भारती पारधी

## बालाघाट-सिवनी में सैनिक स्कूल की स्थापना का दिया प्रस्ताव

**बालाघाट, 10 अगस्त. बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद भारती पारधी ने बालाघाट-सिवनी में सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रस्ताव रखा है. सांसद ने संसद भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक सहयोग की मांग की.**

सांसद भारती पारधी ने रक्षा मंत्री को क्षेत्र में सैनिक स्कूल की



आवश्यकता और इसके दूरगामी महत्व से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि बालाघाट-सिवनी क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा के साथ अनुशासन, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता और सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर मिलना जरूरी है. उन्होंने कहा कि बालाघाट-सिवनी में सैनिक स्कूल की स्थापना से विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और करियर के नए अवसर खुलेंगे. विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण हासिल करने का अवसर मिलेगा.

## पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की मौत

**रीवा.** गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मॉल में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई. घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जानकारी के अनुसार घटना 9 अगस्त की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है. दोनों बच्चे कुछ समय के लिए घर से बाहर थे. जब काफी देर तक दोनों दिखाई नहीं दिए तो परिजनों ने उनकी आसपास तलाश शुरू की.

## शिक्षकों की ई-अटेंडेंस अनिवार्यता मामले में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर, 10 अगस्त. सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था पर हाईकोर्ट में अब यह सवाल केंद्र में है कि सरकारी काम के लिए कर्मचारी को अपने निजी संसाधन इस्तेमाल करने के लिए बाध्य किया जा सकता है या नहीं.**

शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने फैसला सुरक्षित कर लिया है.

उल्लेखनीय है कि अमरपाटन सतना निवासी सतेन्द्र सिंह तिवारी की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि ई-अटेंडेंस दर्ज करने के लिए शिक्षकों को अपने निजी मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करना पड़ रहा है.

# दो साल से लंबित वेतनवृद्धि लागू

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बड़ी राहत

**भोपाल, 10 अगस्त. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु अनुपम राजन ने कार्यभार संभालते ही कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पिछले दो वर्षों से लंबित वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) को लागू कर दिया गया है. इसके साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान की स्वीकृति भी प्रदान की गई है.**

वेतनवृद्धि लंबित होने से परेशान करीब 40 कर्मचारियों को



अब इसका लाभ मिलेगा. निर्णय से कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलने के साथ उनके मनोबल में भी वृद्धि हुई है. वहीं समयमान वेतनमान की स्वीकृति मिलने से पात्र कर्मचारियों को नियमानुसार वित्तीय लाभ प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया है.

### लंबित प्रकरणों के निराकरण से बढ़ा उत्साह

विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलसचिव डॉ. समर बहादुर सिंह ने कहा कि कुलगुरु अनुपम राजन के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिल रही है. लंबे समय से लंबित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, जिससे विश्वविद्यालय में बेहतर कार्य वातावरण बन रहा है.



**जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सिन्हा ने महाकाल के दर्शन किए**

**उज्जैन.** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की प्रात: कालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल द्वारा मनोज सिन्हा का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# तस्कर के साथ एमडी ड्रग्स पकड़ाई

- पुलिस को देखकर भागा तस्कर
- बाइक फिसली तो जेब से निकली एमडी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 10 अगस्त. सुपर कॉरिडोर पर पुलिस को देखकर बाइक से भागने की कोशिश कर रहा युवक बाइक फिसलने से गिर गया. पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसकी पैंट की जेब से 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली.**

पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया. जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 10.30 लाख बताई जा रही है. क्राइम ब्रांच की टीम रविवार



को सुपर कॉरिडोर स्थित मेट्रो पिलर नंबर 210 के पास सर्विस रोड पर गश्त कर रही थी. इसी दौरान बिना नंबर की होंडा हॉरनेट पर एक युवक आता दिखाई दिया. पुलिस को देखकर वह घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन बाइक फिसलने से वह गिर पड़ा. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में उसने अपना नाम अयाज हुसैन उम्र 19 साल निवासी इंदौर बताया. तलाशी लेने पर अयाज की पैंट की बायीं जेब से पारदर्शी पन्नी मिली. इसमें भूरे रंग का दरदरा पदार्थ था. तौल और परीक्षण में यह 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स निकली. इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया.

### इनका कहना है

दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से पूछताछ कर ड्रग्स की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. मामले में आगे की जांच जारी है.

**राजेश कुमार त्रिपाठी**
डीसीपी क्राइम

# एक दिन में 4 लोगों के खाते से उड़ाए 4 लाख से ज्यादा

**ग्वालियर, 10 अगस्त.** जिले में साइबर ठगी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. पिछले दो माह से साइबर अपराधी शहरवासियों को लोन सेटलमेंट, क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने, ऐप डाउनलोड और बिना ओटीपी के खातों से रकम उड़ाने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं. ताजा मामले में चार अलग-अलग शिकायतों में ठगों ने 4 लाख 2 हजार 222 रुपए की ठगी कर ली. पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शिकायतकर्ता निवासी 35 वर्षीय महेंद्र शर्मा रामजीवन शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं. आठ जुलाई को उनके मोबाइल पर कॉल आया.

### गुस्ताखी माफ





## मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सुनीं जनसमस्याएं

**भोपाल, 10 अगस्त. मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं और सुझाव सुने.**

मंत्री ने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए. मंत्री पंवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामने आने वाली जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाना आवश्यक है.

# अनवर के शस्त्र लाइसेंस की जांच तेज

## पूर्व पार्षद को साथ लेकर सदर बाजार पुलिस जुटा रही दस्तावेज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 10 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व पार्षद अनवर कादरी से जुड़े शस्त्र लाइसेंस मामले की जांच अब जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले तक पहुंच गई है. सदर बाजार पुलिस अनवर कादरी को लेकर कठुआ पहुंची है, जहां लाइसेंस से जुड़े रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जानकारी जुटाई जा रही है.**

अनवर कादरी पर आरोप है कि उसने जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले से शस्त्र लाइसेंस बनवाया था और बाद में उसका इस्तेमाल इंदौर में किया. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी.



अब टीम कठुआ में संबंधित रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है. मामले में पुलिस यह भी पता लगा रही है कि लाइसेंस किस प्रक्रिया के तहत जारी हुआ था. इसके लिए जमा किए दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया और लाइसेंस जारी करने में शामिल अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है.

### जांच की जा रही है...

अनवर कादरी को लेकर पुलिस टीम जम्मू कश्मीर गई है, कठुआ में शस्त्र लाइसेंस से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जानकारी जुटाई जा रही है. लाइसेंस किस प्रक्रिया के तहत जारी हुआ और इसमें किन लोगों की भूमिका रही, इसकी जांच की जा रही है.

**राजेश दंडोतिया,**
एडिशनल डीसीपी

साथ ही यह देखा जा रहा है कि लाइसेंस जारी करते समय निर्धारित नियमों का पालन हुआ था या नहीं.



# एक करोड़ की ठगी का आरोपी जेल में

- अब खातों से खुलेगा रकम का राज
- डीलरशिप के नाम पर रकम ऐंठने के मामले में आगे बढ़ी जांच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 10 अगस्त. डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को जेल भेजने के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है. टीम अब बैंक खातों से रकम के लेन देन का पता लगा रही है, वहीं मामले में फरार आरोपी के बेटे की तलाश भी की जा रही है.**

भंवरकुंआ थाना क्षेत्र के जानकी नगर एक्सटेंशन में रहने वाले 74 वर्षीय मनोहरलाल गुप्ता को क्राइम ब्रांच ने शनिवार को गिरफ्तार किया था. वह आईएचएल मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड में डायरेक्टर/मुख्य संचालक के तौर पर काम करता था. गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया था. गुजरात के झालोद, जिला दाहोद निवासी कमलेश अग्रवाल की शिकायत पर यह मामला सामने आया था. क्राईम ब्रांच में की गई शिकायत के अनुसार गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप/ डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर उससे 50-50 लाख रुपए लेकर एक करोड़ रुपए लिए थे. जबकि जुलाई 2022 तक उसने डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में करीब 28.50 लाख रुपए दिए थे. इसके बाद न माल उपलब्ध कराया और न रकम लौटाई गई.

### फरार बेटे की तलाश की जा रही है...

आरोपी के बैंक खातों की जानकारी निकलवाई जा रही है. रकम के लेन देन और उसके इस्तेमाल का पता लगाया जाएगा. फरियादी की रकम रिकवर करने का प्रयास किया जाएगा। फरार बेटे की तलाश भी की जा रही है.

**राजेश कुमार त्रिपाठी,** डीसीपी क्राइम ब्रांच

**दूसरी सवारी** चांदी की पालकी और हाथी पर सवार होकर निकले भगवान महाकाल, शिप्रा तट पर हुआ अभिषेक



# बाबा चंद्रमौलेश्वर और मनमहेश रूप में दिए दर्शन

**नवभारत न्यूज़**

**उज्जैन, 10 अगस्त. श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान महाकाल की दूसरी सवारी भी सोमवार को उज्जैन में पूरे राजसी ठाठ-बाट के साथ निकली. चांदी की पालकी में भगवान महाकाल के स्वरूप श्री चंद्रमौलेश्वर ने भक्तों को दर्शन दिए. वहीं इस बार सवारी में हाथी भी शामिल हुआ, जिस पर चांदी के सिंहासन पर भगवान महाकाल के स्वरूप श्री मनमहेश विराजित थे.**

सवारी से पहले सभामंडप में परंपरागत पूजन और आरती हुई. शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम गुरु ने पूजन संपन्न कराया. इसके बाद मुख्य प्रवेश द्वार पर सशस्त्र जवानों ने भगवान महाकाल को सलामी दी. शाम करीब 4 बजे राजाधिराज महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण के लिए निकले.

सवारी महाकाल मंदिर से गुदरी चौराहा, कहारवाड़ी होते हुए शिप्रा तट स्थित राणोजी की छत्री के सामने घाट पहुंची. यहां पुजारी आशीष गुरु और पंडे-पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ मां शिप्रा के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन किया. इसके बाद सवारी रामानुजकोट, कार्तिक चौक, ढाबा रोड और छत्री चौक होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची. यहां भगवान श्री द्वारकाधीश के समक्ष पालकी रोककर आरती-पूजन किया गया. इसके बाद सवारी पटनी बाजार और गुदरी चौराहा होते हुए वापस महाकाल मंदिर पहुंची, जहां देर शाम इसका समापन हुआ. सवारी के दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उमड़े रहे.

### ओंकारेश्वर में ढोल-नगाड़ों के साथ निकली पालकी

**ओंकारेश्वर.** श्रावण मास के पावन अवसर पर ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारजी महाराज की दूसरी महासवारी सोमवार को धूमधाम से निकाली गई. अपराह्न 3 बजे मंदिर परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान ओंकारजी महाराज की पालकी यात्रा शुरू हुई. बड़ी संख्या में श्रद्धालु महासवारी में शामिल हुए. इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा. महासवारी के दौरान कोटि तीर्थ घाट पर वैदिक राजेश्वर दीक्षित के नेतृत्व में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान ओंकारजी महाराज का षोडशोपचार पूजन और अभिषेक कराया. मुख्य अतिथि राजा राव पुष्पेंद्र सिंह ने विधि-विधान से पूजन किया. इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे. दक्षिण तट पर स्थित श्री ममलेश्वर जी मंदिर में भी महाभिषेक संपन्न कराया गया. भगवान ओंकारजी महाराज का भांग, मेवे और मावे से आकर्षक श्रृंगार किया गया. पूजन-अभिषेक के बाद दोनों पालकियों को नर्मदा नदी में नौका विहार कराया गया.